पेज थ्री देहरादून

रोजगार मेले का उद्घाटन करते हुए सीएम धामी।



हमारा दून

देहरादून, बृहस्पतिवार, 11 नवंबर 2021



# उत्तराखंड को युवा हिंदुस्तान का नंबर वन प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत

**घोषणाएं**

■ हल्द्वानी में स्थापित होगी आइटी अकादमी और निगम कर्मचारियों का बढ़ेगा महंगाई भत्ताः सीएम

**संवाददाता**

देहरादून/हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सर्वप्रथम नैनीताल रोड स्थित शहीद सैनिक स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरान्त धामी मिनी स्टेडियम हल्द्वानी पहुचे जहां पर उन्होने वृहद रोजगार मेले का फीता काटकर शुभारम्भ किया व मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में मुख्यमंत्री ने राज्य खाद्य योजना के अन्तर्गत आवंटित होने वाले खाद्यान्न पर प्रदेश के राशन विक्रेताओं का लाभांश 18 रुपये से बढाकर 50 रुपये प्रति कुन्तल करने की घोषणा की। इसी तरह राज्य कर्मचारियों की भांति निगम कर्मचारियों का महंगाई भत्ता भी उनके बोर्ड के अनुमोदन के उपरान्त 17 से 28 प्रतिशत करने, मिशन ब्लैकटाप के अन्तर्गत प्रदेश





की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए मिशन मोड मे कार्य करेगी इसी को ध्यान में रखते हुए इस मिशन की घोषणा की।

मिनी स्टेडियम में संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री धामी ने सभी को राज्य स्थापना की बधाई देते हुये उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के सभी अमर शहीदों व आन्दोलनकारियों को जिन्होने प्रदेश के लिए सर्वोच्च बलिदान किया उन्हे नमन किया। श्री धामी ने कहा कि हमारा राज्य अतुलनीय प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर है वहीं दूसरी ओर प्राकृतिक आपदायें भी समय–समय पर हमारी परीक्षायें लेती रहती है। पिछले दिनों अतिवृष्टि के कारण आयी आपदा एक इसका उदाहरण है। जिसमें कई लोगों ने जान गवाई जो अत्यन्त दुखद है। उन्होने दैवीय आपदा मे मृतकों के प्रति अपनी संवेदनायें व्यक्त करते हुये कहा कि मै ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सम्बन्धित परिवारों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे। उन्होने आपदा के समय आगे रहकर लोगों की मदद करने के लिए पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना, जिला प्रशासन, स्वयं सेवकों आदि सभी की सराहना की।

वर्तमान में 8 महिला गाइड व 25 महिला ड्राइवर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि पूरे प्रदेश मे और अधिक से अधिक महिलाओं को पर्यटन गतिविधियों से जोडा जाए। महिलाओ को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा, मान सम्मान करने की प्रधानमंत्री की सोच और महिला सशक्तिकरण की दिशा में हम लगातार काम कर रहे है। उन्होने कहा हमने विधवा, निशक्त, दिव्यांग महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वरोजगारी बनाने हेतु मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना शुरू की है। उन्होने कहा हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना का शुभारम्भ किया है, तीलू रौतेली और आंगनबाड़ी पुरस्कार की राशि को बढ़ाकर 51 हजार कर दिया गया है साथ ही नन्दा गौरा योजना के तहत 2015 से 17 तक के वंचित रह गई 30 हजार बेटियों को योजना का लाभ देने के लिए 49 करोड की स्वीकृति हमारी सरकार ने दे दी है।

कार्यक्रम मे सम्बोधित करते हुये रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा मुख्यमंत्री युवा हैं व युवाओं के लिए तेजी से काम कर रहे है। उन्होने कहा भारत सरकार ने प्रदेश सरकार को 60 करोड की धनराशि सडक डामरीकरण हेतु जारी कर दी है। उन्होने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे देश व मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व मे प्रदेश सुरक्षित है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत व जिलाध्यक्ष भाजपा प्रदीप बिष्ट ने सम्बोधित करते हुये सभी को राज्य स्थापना की बधाई दी साथ ही शहीद राज्य आन्दोलनकारियों को नमन किया।

## हल्द्वानी में आईटी अकादमी की होगी स्थापना

हल्द्वानी में आईटी अकादमी प्रारम्भ करने की घोषणा की जिसकी स्थापना उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय मे होगी साथ ही मिनी स्टेडियम हल्द्वानी मे दर्शक दीर्घा में टीन शेड लगाने व बलूटी गांव सड़क मार्ग स्व0 पं नारायण दत्त तिवारी के नाम रखने की घोषणा की।

# सरकार की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस का उपवास

**आरोप**

■पार्टी की शंखनाद रैली में व्यवधान डालने का लगाया आरोप

**संवाददाता**

देहरादून। भाजपा सरकार की तानाशाही के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश कार्यालय में किया सांकेतिक उपवास रखा। भाजपा सरकार में मंत्री यशपाल आर्य के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए किये गये स्वागत समारोह एवं संकल्प विजय शंखनाद रैली में व्यवधान डालने व उसी दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की रैली के हल्द्वानी के उसी मैदान में रखने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष गणेश गोदियाल बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ सांकेतिक उपवास पर बैठे।

उपवास समापन के अवसर पर बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि लोकतंत्र में सबको अपनी विचारधारा, पार्टी की नीति व कार्यक्रम करने का अधिकार होता है। परन्तु भाजपा अभी चुनाव में समय होते हुए भी प्रदेश में आतंक का वातावरण बनाने में लग गई है। जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी का पूर्व मंत्री यशपाल आर्य के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर स्वागत समारोह एवं संकल्प विजय शंखनाद रैली के आयोजन में व्यवधान डालने की नीयत से मुख्यमंत्री कार्यालय से एक साजिश के तहत कार्यक्रम स्थल को मुख्यमंत्री की सभा के लिए आरक्षित किया गया तथा वहां मुख्यमंत्री की सभा रखी गई उससे स्पष्ट है कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास नहीं रखती है। भाजपा द्वारा चुनाव से पूर्व ही सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग कर विपक्ष की सभाओं एवं कार्यक्रमों में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है वह लोकतंत्र के लिए एक अच्छा संकेत नहीं है। इससे ऐसा लगता है कांग्रेस की लोकप्रियता का डर भाजपा से यह सबकुछ करवा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने सभा को टकराव व तनावपूर्ण वातावरण को बचाने के लिए प्रशासन के आग्रह पर स्थगित किया है।

## शहर में आज से भवन कर की वसूली के लिए शिविर

**संवाददाता** देहरादून। दून नगर निगम ने भवन कर वसूली को लेकर वार्डों में शिविर का नया कार्यक्रम जारी किया है। इसमें गुरुवार 11 नवंबर से 23 नवंबर तक कुल 11 स्थान पर शिविर लगेंगे। खास यह है कि इस बार शिविर में डिजिटल माध्यम से भी भवन कर भुगतान किया जा सकेगा। हर शिविर में एक–एक पीओएस मशीन को रखने के आदेश दिए गए हैं। सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक शिविर में कर जमा किया सकता है। वार्ड की कोई बाध्यता न रहे, इसके लिए शिविर में आसपास से कोई भी भवन स्वामी अपने भवन का कर जमा कर सकता है। कोरोना काल के बाद से नगर निगम की भवन कर वसूली में काफी कमी आई है। पिछले वित्तीय वर्ष में निगम को करीब 12 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। कोरोना से पहले वर्ष 2019–20 में निगम ने भवन कर की मद में 50 करोड़ का लक्ष्य पार कर लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में आए कोरोना के आठ नए मामले, 10 मरीज हुए ठीक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में आज कोरोना के आठ नए मरीज मिले हैं। वहीं अलग–अलग जिलों में 10 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। फिलवक्त राज्य में कोरोना के 142 सक्रिय मामले हैं। टिहरी गढ़वाल और रुद्रप्रयाग में कोई सक्रिय मामला नहीं है, जबकि देहरादून में 100 सक्रिय मामले हैं। बता दें कि राज्य में अब तक कोरोना के तीन लाख 43 हजार 966 मामले आए हैं। जिनमें तीन लाख 30 हजार 263 (96.02 प्रतिशत) स्वस्थ हो गए हैं। राज्य में कोरोना संक्रमित 7402 मरीजों की मौत भी हुई है।

### श्रीयंत्र टापू कांड में राज्य प्राप्ति के लिए शहीद हुए शहीदों को याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कचहरी परिसर शहीद स्मारक पर जाकर 10 नवंबर 1995 को श्रीयंत्र टापू कांड में राज्य प्राप्ति के लिए शहीद हुए शहीदों को याद किया तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए समिति के उपाध्यक्ष और राज्य प्राप्ति आंदोलनकारी प्रभात डंडरियाल और समिति के महासचिव आरिफ वारसी ने बताया कि श्रीयंत्र टापू कांड में राज्य के दो आंदोलनकारी यशोधर बेंजवाल और राजेश रावत शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि दोनों शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि राज्य का विकास हो तथा राज्य की स्थाई राजधानी गैरसैंण बने।

### शुभ्रा रंजन आईएएस ने किया देश भर में विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। यूपीएससी द्वारा संचालित सिविल सर्विस परीक्षाओं के लिए जाने–माने संस्थानों में से एक शुभ्रा रंजन आईएएस (एसआरआईएएस) ने भारत के हर शहर में सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वाले छात्रों को लर्निंग के एक समान अवसर प्रदान करने के लिए दूसरे एवं तीसरे स्तर के शहरों में अपने 20 क्षेत्रीय सेंटरों की संख्या को दोगुना कर 40 तक पहुंचाने की योजना बनाई है।

### मारुति सुजुकी ने लॉन्च की ऑल न्यू सेलेरियो

**संवाददाता** देहरादून। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित कॉम्पैक्ट हैचबैक स्टाईलिश ऑल–न्यू सेलेरियो के लॉन्च की घोषणा की भारत की सबसे ज्यादा फ्यूल एफिशियंट पेट्रोल कार ऑल–न्यू सेलेरियो 26.68 किलोमीटर प्रति लीटर का बेहतरीन माईलेज देती है आईडल स्टार्ट–स्टॉप टेक्नॉलॉजी के साथ नैक्स्ट जनरेशन के ड्युअल जेट, ड्युअल वीवीटी के–सीरीज के इंजन द्वारा पॉवर्ड, यह कार ड्राईविंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करती है।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।